**दिनांक: 20 जून, 2025**

# लोकसभा तथा आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम की विधानसभाओं के आम चुनाव 2024 के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा एकत्रित धनराशि और व्यय का विश्लेषण

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स
द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट

**एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स**
प्लॉट संख्या: ई-5, चौथी मंज़िल, लेन-1,
वेस्टएंड मार्ग, सईदुलाजाब,
(साकेत मेट्रो गेट नंबर-2 के पीछे)
नई दिल्ली - 110030
ईमेल: **adr@adrindia.org**; फोन: **011-4165 4200**

# सारांश

## प्रस्तावना

- राजनीतिक दलों को अपने चुनाव खर्च का विवरण **लोकसभा चुनाव** की अंतिम तिथि से **90 दिन** के अंतर्गत और **विधान सभा चुनाव** की अंतिम तिथि से **75 दिन** के अंतर्गत चुनाव आयोग में जमा करना होता है |
- व्यय विवरण में चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों को प्राप्त कुल राशि (नकद, चेक और डीडी में) और दलों का खर्च विवरण (नकद, चेक, शेष बकाया राशि) होता है |
- चुनाव खर्च विवरण में राजनीतिक दलों को केंद्रीय मुख्यालय (**Central Headquarter**) और राज्य स्तर द्वारा किये खर्चों की राशि की जानकारी निम्नलिखित वर्गों में विभाजित हैं :
    - प्रचार
    - यात्रा खर्च
    - अन्य खर्च
    - उम्मीदवारों पर व्यय
    - उम्मीदवारों के आपराधिक मामलों का प्रकाशन करने पर किया गया व्यय
    - पार्टी के केंद्रीय एवं राज्य इकाई द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म/एप्स/अन्य माध्यमों से वर्चुअल प्रचार पर किया गया व्यय
- राजनीतिक दल चुनाव घोषणा तिथि तथा चुनाव समाप्ति तिथि के बीच प्राप्त धन की सूचना इस ब्यौरे में देते हैं | **यह अवधि चुनाव आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के आधार पर तीन सप्ताहों से तीन महीनों के बीच हो सकती है |**
- यह रिपोर्ट 2024 लोकसभा और चार विधान सभा चुनावों (आंध्र प्रदेश,अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम) के दौरान राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों का खर्च है और साथ ही दलों द्वारा प्राप्त धन का विश्लेषण करती है | इन चुनावों की अवधि 82 दिन (16 मार्च 2024 से 06 जून 2024) थी |
- इस रिपोर्ट में **5 राष्ट्रीय दलों** और **27 क्षेत्रीय दलों** पर विचार किया गया है |
- **एनपीईपी, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे), शिवसेना, सीपीआई, एनसीपी, जेएमएम, बीपीएफ, जेकेएनसी और अपना दल(सोनेलाल)** आदि सहित **20 क्षेत्रीय दलों** के लोकसभा चुनाव 2024 के व्यय विवरण आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं हैं | जबकि **चार** क्षेत्रीय दलों (**आरजेडी, एलजेपी(राम विलास), एजेएसयू और केसी(एम)**) ने आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश और ओडिशा विधानसभा 2024 का चुनाव लड़ा था लेकिन इन दलों के चुनाव खर्च विवरण आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं हैं। (विस्तृत जानकारी के लिए **संलग्नक– 1** देखें।)

| Election Expenditure Statement for elections to Lok Sabha 2024 and State Legislative Assemblies of Arunachal Pradesh, Andhra Pradesh, Odisha and Sikkim<br>Last date of submission (Lok Sabha elections): 4th September 2024; Last date of submission (Assembly elections): 20 August 2024 | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **Political Party** | **Party Code** | **Date of submission for Lok Sabha (90 days) and state assemblies (75 days)** | **No. of days by which submission delayed** | **No. of elections contested** |
| **National Political Party** | | | | |
| Bahujan Samaj Party | BSP | 08 August 2024 (**Lok Sabha,** Andhra Pradesh & Odisha assembly) | - | 1 Lok Sabha (LS) 3 Assembly Elections (AE) |
| Indian National Congress | INC | 16 August 2024 (**Lok Sabha** and 4 Assembly) | - | 1 LS- 4 AE |
| Communist Party of India (Marxist) | CPI(M) | 16 August 2024- (Andhra Pradesh and Odisha assembly) and 10 December 2024 (**Lok Sabha**) | Lok Sabha (**96 Days**) | 1 LS- 2 AE |
| Bharatiya Janata Party | BJP | 10 January 2025 (Andhra Pradesh & Odisha Assembly), 22 January 2025- (**Lok Sabha** & Arunachal Pradesh Assembly) and 15 January 2025- (Sikkim Assembly) | Andhra Pradesh & Odisha (**142 Days**), Lok Sabha (**139 Days**) & Arunachal Pradesh (**154 Days**) and Sikkim (**147 Days**) | 1 LS- 4 AE |
| Aam Aadmi Party | AAP | **16 August 2024** (Odisha Assembly) & **20 February 2025** (**Lok Sabha**) | Lok Sabha- (**168 Days**) | 1 LS- 1 AE |
| National People's Party | NPEP | **Not Available on ECI website –** (Lok Sabha & Arunachal Pradesh Assembly) | **288 Days** (Lok Sabha) & **303 Days** (Arunachal Pradesh Assembly) | 1 LS- 1 AE |
| **Regional Political Party** | | | | |
| Mizo National Front | MNF | 13 May 2024 | - | 1 LS |
| Rashtriya Janata Dal | RJD | 04 July 2024 (**Lok Sabha** and Andhra Pradesh Assembly) | **303 Days** (Andhra Pradesh Assembly) | 1 LS- 1 AE |
| Jammu & Kashmir People Democratic Party | JKPDP | 26 July 2024 | - | 1 LS |
| All India Anna Dravida Munnetra Kazhagam | AIADMK | 30 July 2024 | - | 1 LS |
| All India Forward Bloc | AIFB | 01 August 2024 (**Lok Sabha,** Andhra Pradesh & Odisha Assembly) | - | 1 LS- 2 AE |
| Naga Peoples Front | NPF | 01 August 2024 | - | 1 LS |
| Lok Janshakti Party (Ram Vilas) | LJP (Ram Vilas) | 05 August 2024 (**Lok Sabha** & Arunachal Pradesh Assembly) | **303 Days** (Arunachal Pradesh Assembly) | 1 LS- 1 AE |
| Janata Dal (Secular) | JD(S) | 09 August 2024 | - | 1 LS |
| Yuvajana Sramika Rythu Congress Party | YSR-Congress | 16 August 2024 (**Lok Sabha** and Andhra Pradesh Assembly) | - | 1 LS- 1 AE |
| **Biju Janata Dal** | BJD | 20 August 2024 (**Lok Sabha** & Odisha Assembly) | - | 1 LS- 1 AE |
| Dravida Munnetra Kazhagam | DMK | 27 August 2024 | - | 1 LS |

| Election Expenditure Statement for elections to Lok Sabha 2024 and State Legislative Assemblies of Arunachal Pradesh, Andhra Pradesh, Odisha and Sikkim<br>Last date of submission (Lok Sabha elections): 4th September 2024; Last date of submission (Assembly elections): 20 August 2024 | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **Political Party** | **Party Code** | **Date of submission for Lok Sabha (90 days) and state assemblies (75 days)** | **No. of days by which submission delayed** | **No. of elections contested** |
| All India Trinamool Congress | AITC | 29 August 2024 | - | 1 LS |
| Samajwadi Party | SP | 02 September 2024 (**Lok Sabha** & Andhra Pradesh, Sikkim Assembly) | - | 1 LS- 2 AE |
| Revolutionary Goans Party | RGP | 03 September 2024 | - | 1 LS |
| Rashtriya Loktantrik Party | RLTP | 04 September 2024 | - | 1 LS |
| Telugu Desam Party | TDP | 04 September 2024 (**Lok Sabha** & Andhra Pradesh Assembly) | - | 1 LS- 1 AE |
| All India United Democratic Front | AIUDF | 06 September 2024 | **1 Day** (Lok Sabha) | 1 LS |
| Janata Dal (United) | JD(U) | 09 September 2024 | **4 Days** (Lok Sabha) | 1 LS |
| AJSU Party | AJSU Party | 14 September 2024 **(Lok Sabha** & Odisha Assembly**)** | **9 Days** (Lok Sabha) & **303 Days** (Odisha Assembly) | 1 LS- 1 AE |
| Sikkim Democratic Front | SDF | 17 September 2024 (**Lok Sabha** & Sikkim Assembly) | **12 Days (**Lok Sabha) & **27 Days** (Sikkim Assembly) | 1 LS- 1 AE |
| All India Majilis-E-Ithhadul Muslimeen | AIMIM | 17 September 2024 | **12 Days** (Lok Sabha) | 1 LS |
| Sikkim Krantikari Morcha | SKM | 23 September 2024 (**Lok Sabha** & Sikkim Assembly) | **18 Days** (Lok Sabha) & **33 Days** (Sikkim Assembly) | 1 LS- 1 AE |
| Bharat Rashtra Samithi | BRS | 25 September 2024 | **20 Days** (Lok Sabha) | 1 LS |
| Asom Gana Parishad | AGP | 28 October 2024* | **53 Days** (Lok Sabha) | 1 LS |
| Shiromani Akali Dal | SAD | 3 February 2025* | **152 Days** (Lok Sabha) | 1 LS |
| Communist Party of India (Marxist-Leninist) Liberation | CPI(ML)(L) | 24 February 2025 (**Lok Sabha**, Andhra Pradesh & Odisha Assembly) | **172 Days** (Lok Sabha) **& 187 Days** (Andhra Pradesh & Odisha Assembly) | 1 LS- 2 AE |
| Kerala Congress (M) | KC(M) | 25 April 2025* (**Lok Sabha** & Odisha Assembly) | **232 Days** (Lok Sabha) & **303 Days** (Odisha Assembly) | 1 LS- 1 AE |
| Communist Party Of India | CPI | **Not Available on ECI website** (Lok Sabha & Andhra Pradesh Assembly) | **288 Days** (Lok Sabha) & **303 Days** (Andhra Pradesh Assembly) | 1 LS- 1 AE |
| Indian Union Muslim League | IUML | **Not Available on ECI website** (Lok Sabha & Andhra Pradesh Assembly) | **288 Days** (Lok Sabha) & **303 Days** (Andhra Pradesh Assembly) | 1 LS- 1 AE |
| Revolutionary Socialist Party | RSP | **Not Available on ECI website** (Lok Sabha & Andhra Pradesh Assembly) | **288 Days** (Lok Sabha) & **303 Days** (Andhra Pradesh Assembly) | 1 LS- 1 AE |
| Nationalist Congress Party | NCP | **Not Available on ECI website** (Lok Sabha & Arunachal Pradesh Assembly) | **288 Days** (Lok Sabha) & **303 Days** (Arunachal Pradesh Assembly) | 1 LS- 1 AE |

| Election Expenditure Statement for elections to Lok Sabha 2024 and State Legislative Assemblies of Arunachal Pradesh, Andhra Pradesh, Odisha and Sikkim<br>Last date of submission (Lok Sabha elections): 4th September 2024; Last date of submission (Assembly elections): 20 August 2024 | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **Political Party** | **Party Code** | **Date of submission for Lok Sabha (90 days) and state assemblies (75 days)** | **No. of days by which submission delayed** | **No. of elections contested** |
| Jharkhand Mukti Morcha | JMM | **Not Available on ECI website** (Lok Sabha & Odisha Assembly) | **288 Days** (Lok Sabha) & **303 Days** (Odisha Pradesh Assembly) | 1 LS- 1 AE |
| People's Party of Arunachal | PPA | **Not Available on ECI website** (Arunachal Pradesh Assembly) | **303 Days** (Arunachal Pradesh Assembly) | 1 AE |
| Bodoland Peoples Front | BPF | **Not Available on ECI website** (Lok Sabha) | **288 Days** (Lok Sabha) | 1 LS |
| United People's Party, Liberal | UPPL | **Not Available on ECI website** (Lok Sabha) | **288 Days** (Lok Sabha) | 1 LS |
| Indian National Lok Dal | INLD | **Not Available on ECI website** (Lok Sabha) | **288 Days** (Lok Sabha) | 1 LS |
| Jannayak Janta Party | JJP | **Not Available on ECI website** (Lok Sabha) | **288 Days** (Lok Sabha) | 1 LS |
| Jammu & Kashmir National Conference | JKNC | **Not Available on ECI website** (Lok Sabha) | **288 Days** (Lok Sabha) | 1 LS |
| Jammu & Kashmir National Panthers Party | JKNPP | **Not Available on ECI website** (Lok Sabha) | **288 Days** (Lok Sabha) | 1 LS |
| Shiv Sena | SHS | **Not Available on ECI website** (Lok Sabha) | **288 Days** (Lok Sabha) | 1 LS |
| Shiv Sena (Uddhav Balasaheb Thackrey) | SHS(UBT) | **Not Available on ECI website** (Lok Sabha) | **288 Days** (Lok Sabha) | 1 LS |
| Voice of the People Party | VPP | **Not Available on ECI website** (Lok Sabha) | **288 Days** (Lok Sabha) | 1 LS |
| United Democratic Party | UDP | **Not Available on ECI website** (Lok Sabha) | **288 Days** (Lok Sabha) | 1 LS |
| Nationalist Democratic Progressive Party | NDPP | **Not Available on ECI website** (Lok Sabha) | **288 Days** (Lok Sabha) | 1 LS |
| Desiya Murpokku Dravida Kazhagam | DMDK | **Not Available on ECI website** (Lok Sabha) | **288 Days** (Lok Sabha) | 1 LS |
| Apna Dal (Soneylal) | AD(Soneylal) | **Not Available on ECI website** (Lok Sabha) | **288 Days** (Lok Sabha) | 1 LS |
| Nationalist Congress Party - Sharadchandra Pawar | NCP (Sharadchandra Pawar) | **Not Available on ECI website** (Lok Sabha) | **288 Days** (Lok Sabha) | 1 LS |
| Zoram People's Movement | ZPM | **Not Available on ECI website** (Lok Sabha) | **288 Days** (Lok Sabha) | 1 LS |
| Lok Jan Shakti Party | LJSP | **Did not contest** | | |
| Rashtriya Lok Samta Party | RLSP | | | |

| Election Expenditure Statement for elections to Lok Sabha 2024 and State Legislative Assemblies of Arunachal Pradesh, Andhra Pradesh, Odisha and Sikkim<br>Last date of submission (Lok Sabha elections): 4th September 2024; Last date of submission (Assembly elections): 20 August 2024 | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Political Party | Party Code | Date of submission for Lok Sabha (90 days) and state assemblies (75 days) | No. of days by which submission delayed | No. of elections contested |
| Janta Congress Chhattisgarh (J) | JCC(J) | | | |
| Goa Forward Party | GFP | | | |
| Maharashtrawadi Gomantak Party | MGP | | | |
| Maharashtra Navnirman Sena | MNS | | | |
| Hill State People's Democratic Party | HSPDP | | | |
| People's Democratic Front | PDF | | | |
| Zoram Nationalist Party | ZNP | | | |
| All India N.R. Congress | AINRC | | | |
| Indigenous People's Front of Tripura | IPFT | | | |
| Tipra Motha Party | TMP | | | |


***चुनाव खर्च विवरण में निर्वाचन आयोग (ECI) की मुहर नहीं पाई गई; इसके स्थान पर विवरण तैयार करने की तिथि को माना गया है।"**

## चुनाव व्यय विवरण में दी गई जानकारी

- लोकसभा चुनाव 2024 के लिए, राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों को अपने खर्च विवरण जमा करने की आखिरी तारीख **04 सितम्बर 2024** थी, जो **06 जून** से 90 दिन थी, जबकि चुनाव परिणाम **04 जून** को घोषित हो गए थे |
- चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के आधार पर **14** राष्ट्रीय और क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के व्यय विवरण सार्वजनिक तौर पर **एक दिन** से लेकर अधिकतम **232 दिनों** तक की देरी के बाद उपलब्ध हुए थे |
- राष्ट्रीय दलों में **आम आदमी पार्टी** का व्यय विवरण अधिकतम **168 दिनों** की देरी से उपलब्ध हुआ, जिसके बाद **बीजेपी** (**लोकसभा - 139 दिन**, **आंध्र प्रदेश** एवं **ओडिशा - 142 दिन**, **अरुणाचल प्रदेश - 154 दिन** और **सिक्किम - 147 दिन**) और **सीपीआई(एम)** का विवरण **96 दिनों** की देरी से उपलब्ध हुआ।
- यहाँ पर ध्यान दिया जाना चाहिए की राष्ट्रीय दलों में से केवल **कांग्रेस** ने ही लोकसभा और चारों विधानसभा चुनावों के लिए संयुक्त रूप से व्यय विवरण प्रस्तुत किया है। इसके विपरीत, **भाजपा**, **सीपीआई(एम), आम आदमी पार्टी** और **बीएसपी** ने लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए अलग-अलग व्यय विवरण दाखिल किए हैं। इसके अतिरिक्त, **आरजेडी**, **एलजेपी(राम विलास), एजेएसयू पार्टी** और **केसी(एम)** ने केवल लोकसभा चुनाव के लिए ही अपने व्यय विवरण प्रस्तुत किए हैं, जबकि जिन विधानसभा चुनावों में उन्होंने भाग लिया था, उनके व्यय विवरण अब तक निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं हैं।

**प्राप्त धनराशि और उनके चुनावी खर्च : राजनीतिक दल**

- लोकसभा और चार विधान सभा चुनावों 2024 के दौरान **5** राष्ट्रीय और **27** क्षेत्रीय दलों द्वारा एकत्रित कुल धनराशि **रु 7445.566 करोड़** थी |
- एकत्रित किए गए कुल धन में से, राष्ट्रीय दलों ने **रु 6930.246 करोड़** (93.08%) और क्षेत्रीय दलों ने **रु 515.32 करोड़** (6.92%) प्राप्त किए |
- **32** राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों ने कुल मिलाकर लोकसभा और चार विधान सभा चुनावों के दौरान **रु 3352.81 करोड़** खर्च किए, जिसमें से **5** राष्ट्रीय दलों का कुल खर्च **रु 2204.318 करोड़** (65.75%) था |
- **जेकेपीडीपी** और **केसी(एम)** ही दो ऐसे दल हैं, जिन्होंने चुनाव लड़ने के बावजूद कोई व्यय घोषित नहीं किया है |





**विभिन्न वर्गों के तहत राजनीतिक दलों का व्यय**

- चुनाव खर्च विवरण में राजनीतिक दलों को केंद्रीय मुख्यालय और राज्य स्तर द्वारा किये खर्चों की राशि की जानकारी निम्नलिखित वर्गों में विभाजित हैं: **प्रचार, यात्रा व्यय, अन्य/विविध व्यय, प्रत्याशियों को दी गई एकमुश्त राशि, उम्मीदवारों के आपराधिक मामलों का प्रकाशन करने पर किया गया व्यय** और **पार्टी की केंद्रीय एवं राज्य इकाई द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म/एप्स/अन्य माध्यमों से वर्चुअल प्रचार पर किया गया व्यय।**|
- 2024 के आम चुनाव और चार विधानसभा चुनावों के लिए जिन **32 राजनीतिक दलों** के व्यय विवरण का विश्लेषण किया गया, उनमें सर्वाधिक **रु 2008.295 करोड़** की राशि **प्रचार** पर व्यय की गई। इसके बाद **रु 795.414 करोड़ यात्रा** व्यय पर, **रु 402.177 करोड़** अपने **प्रत्याशियों को एकमुश्त राशि देने पर**, **रु 400.0515 करोड़ अन्य/विविध खर्चों** पर, **रु 132.0853 करोड़ पार्टी की केंद्रीय एवं राज्य इकाइयों द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म, ऐप्स एवं**

**अन्य माध्यमों से वर्चुअल प्रचार पर**, तथा **रु 28.253 करोड़** उम्मीदवारों के आपराधिक रिकॉर्ड का प्रकाशन करने पर व्यय किया गया। (विस्तृत जानकारी के लिए **संलग्नक– 2** देखें।)

- कुल घोषित व्यय में से **53.32%** राशि प्रचार पर खर्च की गई, जबकि उम्मीदवारों पर किया गया खर्च कुल व्यय का **10.68%** रहा।
- राजनीतिक दलों ने अपने प्रत्याशियों के आपराधिक मामलों का प्रकाशन करने पर **रु 28.253 करोड़** (0.75%) व्यय किया।
- पार्टी की केंद्रीय एवं राज्य इकाइयों द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म, ऐप्स तथा अन्य माध्यमों के ज़रिए वर्चुअल प्रचार पर **रु 132.0853 करोड़** (3.51%) व्यय किया गया।


**Expenditure incurred by political Parties under various heads during elections to Lok Sabha and State Legislative Assemblies of Arunachal Pradesh, Andhra Pradesh, Odisha and Sikkim 2024 (in Rs Cr)**




## राजनीतिक दलों का प्रचार पर खर्च


- प्रचार खर्च के तहत मीडिया विज्ञापन, प्रचार सामग्री और जन सभा शामिल हैं|
- 2024 के आम चुनाव और चार विधानसभा चुनावों के दौरान, **32** राजनीतिक दलों ने कुल मिलाकर **मीडिया विज्ञापन** पर **रु 1464.5144 करोड़ (72.923%)** का सबसे अधिक खर्च दिखाया है| इसके बाद **प्रचार सामग्री** पर **रु 409.372 करोड़ (20.384%)** और **सार्वजनिक बैठक** पर **रु 134.4086 करोड़ (6.693%)** खर्च दर्शाया है|

- **32** राजनीतिक दलों के कुल **प्रचार** खर्च में से राष्ट्रीय दलों ने **रु 1511.3004 करोड़** (75.25%) और क्षेत्रीय दलों ने **रु 496.9946 करोड़** (24.75%) का व्यय किया है |




## राजनीतिक दलों का यात्राओं पर खर्च

- यात्रा खर्च में **स्टार प्रचारक** और '**पार्टी लीडर्स**' के यात्रा खर्च शामिल हैं |
- **32** राजनीतिक दलों ने **यात्रा** पर कुल **रु 795.414 करोड़** का खर्च घोषित किया है, इसमें से राष्ट्रीय दलों ने **रु 633.91 करोड़** (79.70%) और क्षेत्रीय दलों ने **रु 161.504 करोड़** (20.30%) का यात्रा खर्च दर्शाया है |
- 32 राजनीतिक दलों ने अपने **यात्रा** पर किये कुल खर्च में से **रु 765.366 करोड़ (96.22%)** अपने **स्टार प्रचारकों** पर और केवल **3.78%** या **रु 30.048 करोड़** अपने पार्टी के **अन्य नेताओं** की यात्रा पर खर्च किया है |




## एडीआर के अवलोकन

- **एनपीईपी, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे), शिवसेना, सीपीआई, एनसीपी, जेएमएम, बीपीएफ, जेकेएनसी और अपना दल(सोनेलाल)** आदि सहित **20 क्षेत्रीय दलों** के लोकसभा चुनाव 2024 के व्यय विवरण आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं हैं | जबकि **चार** क्षेत्रीय दलों (**आरजेडी, एलजेपी(राम विलास), एजेएसयू और केसी(एम)**) ने आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश और ओडिशा विधानसभा 2024 का चुनाव लड़ा था लेकिन इन दलों के चुनाव खर्च विवरण आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं हैं।
- पिछले वर्ष हुए **आम चुनावों** में कुल **690 अमान्यताप्राप्त राजनीतिक दलों** ने हिस्सा लिया था। वहीं, एक साथ हुए विधानसभा चुनावों में अरुणाचल प्रदेश में **1**, आंध्र प्रदेश में **74**, ओडिशा में **35** और सिक्किम में **2** अमान्यताप्राप्त दलों ने चुनाव लड़ा था। इन दलों के चुनावी खर्च के ब्यौरे इस रिपोर्ट में **शामिल नहीं किए** गए हैं।
- 12 क्षेत्रीय दलों (एलजेएसपी, आरएलएसपी, जेसीसी(जे), गोवा फॉरवर्ड पार्टी, एमजीपी, एमएनएस, एचएसपीडीपी, पीडीएफ, जैडएनपी, एआईएनआरसी, आईपीएफटी और टीएमपी) ने 2024 में लोकसभा और अरुणाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, ओडिशा तथा सिक्किम विधानसभा चुनावों में हिस्सा नहीं लिया।
- यह उल्लेखनीय है कि अधिकांश दलों द्वारा प्रस्तुत चुनाव व्यय विवरण में यह देखा गया है की कि जिन राज्यों में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ संपन्न हुए, वहाँ अधिकतर दलों ने प्राप्त फंड और व्यय की गई राशि को एक ही आंकड़े के रूप में दर्शाया है। इस कारण, रिपोर्ट में आंकड़ों की शुद्धता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए उस राशि को दो बार जोड़ने के बजाय केवल एक बार शामिल किया गया है।
- यहाँ ध्यान दिया जाना चाहिए कि **कुछ राजनीतिक दलों** ने **लोकसभा** चुनाव और साथ में हुए **चार विधानसभा** चुनावों के खर्चों का एक **सयुंक्त विवरण** जमा किया है, लेकिन दलों ने अपने व्यय विवरणों को स्वीकृत अनुरूप में जमा नहीं किया है, जिसके अनुसार विधानसभा चुनाव के खर्च विवरण जमा करने की समयसीमा **75 दिन** और लोकसभा चुनाव के विवरण

जमा करने कि समयसीमा **90 दिन** है | इसके अतिरिक्त, इस तरह के प्रारूप में डेटा की उपलब्धता से चुनाव खर्च का तुलनात्मक विश्लेषण करना असंभव हो जाता है जो एकरूपता, पारदर्शिता और स्वतंत्र अनुसंधान के दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण है |

- चुनाव आयोग ने निर्देश जारी किए कि उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों को खर्च के सही खाते को बनाए रखने और व्यय के विवरण को प्रस्तुत करने के लिए, **सोशल मीडिया** पर विज्ञापनों पर होने वाले खर्च को शामिल करने के अभियान पर सभी खर्च शामिल होंगे | हालाँकि, कई दल जिन्होंने इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के खर्च के तहत अन्य खर्चों के साथ सोशल मीडिया के खर्चे को जोड़ के घोषित किया है |

## एडीआर की सिफारिशें

- साल 2020 में , 9 कार्यकारी समूहों (जिनमें राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी और चुनाव आयोग के अन्य अधिकारी शामिल थे) ने चुनाव आयोग को अपनी सिफारिशें प्रस्तुत किये थे, जिनके बीच यह सुझाव दिया गया था कि राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव के लिए किए जाने वाले व्यय पर एक खर्चसीमा की आवश्यकता है | वर्ष 2015 में भी चुनाव आयोग ने कानून मंत्रालय को यह सिफारिश दी थी | एडीआर की सिफारिश है कि इस संबंध में कदम उठाये जाने चाहिए और समयबद्ध तरीके से तौर-तरीकों पर काम किया जाना  चाहिए |
- सभी राजनीतिक दलों को अपने व्यय का विवरण चुनाव आयोग को निर्धारित समय सीमा के भीतर, दिए गए प्रारूप में प्रस्तुत करना चाहिए | समय पर या निर्धारित प्रारूप में जो राजनीतिक दल अपने चुनाव खर्च का विवरण प्रस्तुत नहीं करते है उनको सज़ा दी जानी चाहिए।
- उन सभी दानदाताओं की जानकारी और योगदान का ब्यौरा सार्वजनिक होना चाहिए जिन्होंने चुनाव अभियान के दौरान राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों को दान राशि दी हो |
- सभी राजनीतिक दलों को वार्षिक दान रिपोर्ट कि तरह चुनाव अवधि के दौरान प्राप्त चंदे का ब्यौरा चुनाव आयोग को जमा करना चाहिए जिससे वित्तीय पारदर्शिता और काले धन का असर कम हो |
- चुनाव आयोग द्वारा जारी किये गए पारदर्शिता दिशानिर्देशों के अनुसार, जहाँ तक संभव हो, चुनाव खर्च को चेक/डीडी/ बैंक ट्रांसफर के माध्यम से लेनदेन तक सीमित किया जाना चाहिए ताकि चुनाव में काले धन का उपयोग कम हो सके |
- जिस तरह से उम्मीदवारों के खर्च की निगरानी के लिए चुनाव आयोग के चुनाव समीक्षक होते हैं उसी तरह से राजनीतिक दलों के खर्च की निगरानी के लिए भी समीक्षक होना चाहिए।

## अस्वीकरण

रिपोर्ट में उपयोग किए गए डाटा का स्रोत वे चुनाव व्यय विवरण हैं, जो राष्ट्रीय और क्षेत्रीय राजनीतिक दलों द्वारा प्रस्तुत किए गए हैं। ये वे दल हैं जिन्होंने ***2024 में लोकसभा तथा आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम की विधानसभाओं*** के चुनाव लड़े थे। sएडीआर किसी भी जानकारी को अपने रिपोर्ट में तब तक नहीं जोड़ता या घटाता है जब तक चुनाव आयोग डाटा में बदलाव नहीं करता | विशेष रूप से, किसी अन्य स्त्रोत से किसी भी असत्यापित जानकारी का उपयोग नहीं किया जाता

है | इस डाटा को चुनाव आयोग के **वेबसाइट** में देख सकते हैं | डाटा को सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किए गए हैं और यह जानकारी राजनीतिक दलों द्वारा प्रस्तुत विवरणों में उल्लेखित आकड़ों के अनुरूप है | यदि इस रिपोर्ट में दी गयी जानकारी और दलों के विवरणों में घोषित जानकारी में अंतर् पाया जाता है तो ऐसे मामलों में राजनीतिक दलों द्वारा दी गई जानकारी ही सही मानी जानी चाहिए | एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर), नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्लू) और उसके स्वयंसेवक इसके प्रकाशन से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से होने वाली किसी भी क्षति के लिए जिम्मेदार या उत्तरदायी नहीं होंगे |

यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि एडीआर, भारत के चुनाव आयोग और सबंधित राज्य के मुख्य कार्यकारी अधिकारीयों के साथ प्रस्तुत राजनीतिक दलों के ऑडिट, योगदान रिपोर्ट और चुनाव खर्च विवरण के विश्लेषण और प्रसार में बहुत अत्यधिक सावधानी बरतता है | इस तरह की जानकारी का उद्देश्य केवल ***हमारी चुनावी और राजनीतिक प्रक्रिया में धन के बढ़ते उपयोग को उजागर करना है ताकि पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन की प्रणाली को सुगम बनाया जा सके और मतदाताओं को एक सूचित विकल्प बनाने में सक्षम बनाया जा सके***| इसलिए, यह अपेक्षा की जाती है कि इस रिपोर्ट का उपयोग करने वाला कोई भी व्यक्ति एडीआर द्वारा उपलब्ध कराए गए डाटा का उपयोग करते समय उचित और अत्यधिक सावधानी बरतेगा | एडीआर किसी भी गलत तरीके से निपटने, विसंगति, समझने में असमर्थता, गलत व्याख्या या हेरफेर, डाटा को इस तरह से विकृत करने के लिए जिम्मेदार नहीं है ताकि किसी विशेष राजनीतिक दल या राजनेता या उम्मीदवार को लाभ या लक्षित किया जा सके |

## सम्पर्क

### नेशनल इलेक्शन वाच (NEW) और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (ADR)



| | | | |
|---|---|---|---|
| Media and Journalist Helpline<br>+91 80103 94248<br>Email: adr@adrindia.org<br>https://adrindia.org/aboutadr/state-coordinators | Maj. Gen Anil Verma (Retd.) Head, NEW & ADR<br>anilverma@adrindia.org | Prof Jagdeep Chhokar IIM Ahmedabad (Retd.) Founder, NEW & ADR<br>jchhokar@gmail.com | Prof Trilochan Sastry IIM Bangalore (Retd.) Founder, NEW & ADR<br>tsastry@gmail.com |

# संलग्नक– 1

| Election Expenditure Statement - Lok Sabha 2024 and State Legislative Assemblies of Arunachal Pradesh, Andhra Pradesh, Odisha and Sikkim<br>Last date of submission (Lok Sabha elections): 4th September 2024; Last date of submission (Assembly elections): 20 August 2024 | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **Political Party** | **Party Code** | **Date of submission For Lok Sabha (90 days) and State Assemblies (75 days)** | **Lok Sabha** | **State Legislative Assemblies 2024** | | | | **No. of days by which submission delayed** | **No of elections contested** |
| | | | | **Arunachal Pradesh** | **Andhra Pradesh** | **Odisha** | **Sikkim** | | |
| **National Political Party** | | | | | | | | | |
| Bahujan Samaj Party | BSP | 08 August 2024 (**Lok Sabha,** Andhra Pradesh & Odisha assembly) | **Submitted** | **Submitted** | **Submitted** | **Submitted** | - | - | 1 LS- 3 AE |
| Indian National Congress | INC | 16 August 2024 (**Lok Sabha** and 4 Assembly) | **Submitted** | **Submitted** | **Submitted** | **Submitted** | **Submitted** | - | 1 LS- 4 AE |
| Communist Party of India (Marxist) | CPI(M) | 16 August 2024- (Andhra Pradesh and Odisha assembly) and 10 December 2024 (**Lok Sabha**) | **Submitted** | - | **Submitted** | **Submitted** | - | Lok Sabha (**96 Days**) | 1 LS- 2 AE |
| Bharatiya Janata Party | BJP | 10 January 2025-(Andhra Pradesh & Odisha Assembly), 22 January 2025- (**Lok Sabha** & Arunachal Pradesh Assembly) and 15 January 2025- (Sikkim Assembly) | **Submitted** | **Submitted** | **Submitted** | **Submitted** | **Submitted** | Andhra Pradesh & Odisha (**142 Days**), Lok Sabha (**139 Days**) & Arunachal Pradesh (**154 Days**) and Sikkim (**147 Days**) | 1 LS- 4 AE |
| Aam Aadmi Party | AAP | **16 August 2024**- (Odisha Assembly) & **20 February 2025** (**Lok Sabha**) | **Submitted** | - | - | **Submitted** | - | Lok Sabha (**168 Days**) | 1 LS- 1 AE |
| National People's Party | NPEP | **Lok Sabha & Arunachal Pradesh Assembly** | **Not Available on ECI website** | **Not Available on ECI website** | - | - | - | **288 Days** (Lok Sabha) **&** **303 Days** (Arunachal Pradesh Assembly) | 1 LS- 1 AE |
| **Regional Political Party** | | | | | | | | | |
| Mizo National Front | MNF | 13 May 2024 | **Submitted** | - | - | - | - | - | 1 LS |
| Rashtriya Janata Dal | RJD | 04 July 2024 (**Lok Sabha** and Andhra Pradesh Assembly) | **Submitted** | - | **Not Available on ECI website** | - | - | **303 Days** (Andhra Pradesh Assembly) | 1 LS- 1 AE |
| Jammu & Kashmir People Democratic Party | JKPDP | 26 July 2024 | **Submitted** | - | - | - | - | - | 1 LS |

| Election Expenditure Statement - Lok Sabha 2024 and State Legislative Assemblies of Arunachal Pradesh, Andhra Pradesh, Odisha and Sikkim<br>Last date of submission (Lok Sabha elections): 4th September 2024; Last date of submission (Assembly elections): 20 August 2024 | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **Political Party** | **Party Code** | **Date of submission For Lok Sabha (90 days) and State Assemblies (75 days)** | **Lok Sabha** | **State Legislative Assemblies 2024** | | | | **No. of days by which submission delayed** | **No of elections contested** |
| | | | | **Arunachal Pradesh** | **Andhra Pradesh** | **Odisha** | **Sikkim** | | |
| All India Anna Dravida Munnetra Kazhagam | AIADMK | 30 July 2024 | **Submitted** | - | - | - | - | - | 1 LS |
| All India Forward Bloc | AIFB | 01 August 2024 (**Lok Sabha**, Andhra Pradesh & Odisha Assembly) | **Submitted** | - | **Submitted** | **Submitted** | - | - | 1 LS- 2 AE |
| Naga Peoples Front | NPF | 01 August 2024 | **Submitted** | - | - | - | - | - | 1 LS |
| Lok Janshakti Party (Ram Vilas) | LJP (Ram Vilas) | 05 August 2024 (**Lok Sabha** & Arunachal Pradesh Assembly) | **Submitted** | **Not Available on ECI website** | - | - | - | **303 Days** (Arunachal Pradesh Assembly) | 1 LS- 1 AE |
| Janata Dal (Secular) | JD(S) | 09 August 2024 | **Submitted** | - | - | - | - | - | 1 LS |
| Yuvajana Sramika Rythu Congress Party | YSR-Congress | 16 August 2024 (**Lok Sabha** and Andhra Pradesh Assembly) | **Submitted** | - | **Submitted** | - | - | - | 1 LS- 1 AE |
| **Biju Janata Dal** | BJD | 20 August 2024 (**Lok Sabha** & Odisha Assembly) | **Submitted** | - | - | **Submitted** | - | - | 1 LS- 1 AE |
| Dravida Munnetra Kazhagam | DMK | 27 August 2024 | **Submitted** | - | - | - | - | - | 1 LS |
| All India Trinamool Congress | AITC | 29 August 2024 | **Submitted** | - | - | - | - | - | 1 LS |
| Samajwadi Party | SP | 02 September 2024 (**Lok Sabha** & Andhra Pradesh, Sikkim Assembly) | **Submitted** | - | **Submitted** | **Submitted** | - | - | 1 LS- 2 AE |
| Revolutionary Goans Party | RGP | 03 September 2024 | **Submitted** | - | - | - | - | - | 1 LS |
| Rashtriya Loktantrik Party | RLTP | 04 September 2024 | **Submitted** | - | - | - | - | - | 1 LS |
| Telugu Desam Party | TDP | 04 September 2024 (**Lok Sabha** & Andhra Pradesh Assembly) | **Submitted** | - | **Submitted** | - | - | - | 1 LS- 1 AE |
| All India United Democratic Front | AIUDF | 06 September 2024 | **Submitted** | - | - | - | - | **1 Day** (Lok Sabha) | 1 LS |
| Janata Dal (United) | JD(U) | 09 September 2024 | **Submitted** | - | - | - | - | **4 Days** (Lok Sabha) | 1 LS |
| AJSU Party | AJSU Party | 14 September 2024 **(Lok Sabha** & Odisha Assembly**)** | **Submitted** | - | - | **Not Available on ECI website** | - | **9 Days** (Lok Sabha) **& 303 Days** (Odisha Assembly) | 1 LS- 1 AE |

| Election Expenditure Statement - Lok Sabha 2024 and State Legislative Assemblies of Arunachal Pradesh, Andhra Pradesh, Odisha and Sikkim<br>Last date of submission (Lok Sabha elections): 4th September 2024; Last date of submission (Assembly elections): 20 August 2024 | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **Political Party** | **Party Code** | **Date of submission For Lok Sabha (90 days) and State Assemblies (75 days)** | **Lok Sabha** | **State Legislative Assemblies 2024** | | | | **No. of days by which submission delayed** | **No of elections contested** |
| | | | | **Arunachal Pradesh** | **Andhra Pradesh** | **Odisha** | **Sikkim** | | |
| Sikkim Democratic Front | SDF | 17 September 2024 (**Lok Sabha** & Sikkim Assembly) | **Submitted** | - | - | - | **Submitted** | **12 Days** (Lok Sabha) **& 27 Days** (Sikkim Assembly) | 1 LS- 1 AE |
| All India Majilis-E-Ithhadul Muslimeen | AIMIM | 17 September 2024 | **Submitted** | - | - | - | - | **12 Days** (Lok Sabha) | 1 LS |
| Sikkim Krantikari Morcha | SKM | 23 September 2024 (**Lok Sabha** & Sikkim Assembly) | **Submitted** | - | - | - | **Submitted** | **18 Days** (Lok Sabha) & **33 Days** (Sikkim Assembly) | 1 LS- 1 AE |
| Bharat Rashtra Samithi | BRS | 25 September 2024 | **Submitted** | - | - | - | - | **20 Days** (Lok Sabha) | 1 LS |
| Asom Gana Parishad | AGP | 28 October 2024* | **Submitted** | - | - | - | - | **53 Days** (Lok Sabha) | 1 LS |
| Shiromani Akali Dal | SAD | 3 February 2025* | **Submitted** | - | - | - | - | **152 Days** (Lok Sabha) | 1 LS |
| Communist Party of India (Marxist-Leninist) Liberation | CPI(ML)(L) | 24 February 2025 (**Lok Sabha**, Andhra Pradesh & Odisha Assembly) | **Submitted** | - | **Submitted** | **Submitted** | - | **172 Days** (Lok Sabha) & **187 Days** (Andhra & Odisha Assembly) | 1 LS- 2 AE |
| Kerala Congress (M) | KC(M) | 25 April 2025* (**Lok Sabha** & Odisha Assembly) | **Submitted** | - | - | **Not Available on ECI website** | - | **232 Days** (Lok Sabha) & **303 Days** (Odisha Assembly) | 1 LS- 1 AE |
| Communist Party Of India | CPI | **Lok Sabha & Andhra Pradesh Assembly** | **Not Available on ECI website** | - | **Not Available on ECI website** | - | - | **288 Days** (Lok Sabha) & **303 Days** (Andhra Pradesh Assembly) | 1 LS- 1 AE |
| Indian Union Muslim League | IUML | **Lok Sabha & Andhra Pradesh Assembly** | **Not Available on ECI website** | - | **Not Available on ECI website** | - | - | **288 Days** (Lok Sabha) & **303 Days** (Andhra Pradesh Assembly) | 1 LS- 1 AE |
| Revolutionary Socialist Party | RSP | **Lok Sabha & Andhra Pradesh Assembly** | **Not Available on ECI website** | - | **Not Available on ECI website** | - | - | **288 Days** (Lok Sabha) & **303 Days** (Andhra Pradesh Assembly) | 1 LS- 1 AE |
| Nationalist Congress Party | NCP | **Lok Sabha & Arunachal Pradesh Assembly** | **Not Available on ECI website** | **Not Available on ECI website** | - | - | - | **288 Days** (Lok Sabha) & **303 Days** (Arunachal Pradesh Assembly) | 1 LS- 1 AE |

| Election Expenditure Statement - Lok Sabha 2024 and State Legislative Assemblies of Arunachal Pradesh, Andhra Pradesh, Odisha and Sikkim<br>Last date of submission (Lok Sabha elections): 4th September 2024; Last date of submission (Assembly elections): 20 August 2024 | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **Political Party** | **Party Code** | **Date of submission For Lok Sabha (90 days) and State Assemblies (75 days)** | **Lok Sabha** | **State Legislative Assemblies 2024** | | | | **No. of days by which submission delayed** | **No of elections contested** |
| | | | | **Arunachal Pradesh** | **Andhra Pradesh** | **Odisha** | **Sikkim** | | |
| Jharkhand Mukti Morcha | JMM | **Lok Sabha & Odisha Assembly** | **Not Available on ECI website** | - | - | **Not Available on ECI website** | - | **288 Days** (Lok Sabha) & **303 Days** (Odisha Assembly) | 1 LS- 1 AE |
| People's Party of Arunachal | PPA | 06 February 2025 (Arunachal Pradesh Assembly) | - | **Not Available on ECI website** | - | - | - | **303 Days** (Arunachal Pradesh Assembly) | 1 AE |
| Bodoland Peoples Front | BPF | **Lok Sabha** | **Not Available on ECI website** | - | - | - | - | **288 Days** (Lok Sabha) | 1 LS |
| United People's Party, Liberal | UPPL | **Lok Sabha** | **Not Available on ECI website** | - | - | - | - | **288 Days** (Lok Sabha) | 1 LS |
| Indian National Lok Dal | INLD | **Lok Sabha** | **Not Available on ECI website** | - | - | - | - | **288 Days** (Lok Sabha) | 1 LS |
| Jannayak Janta Party | JJP | **Lok Sabha** | **Not Available on ECI website** | - | - | - | - | **288 Days** (Lok Sabha) | 1 LS |
| Jammu & Kashmir National Conference | JKNC | **Lok Sabha** | **Not Available on ECI website** | - | - | - | - | **288 Days** (Lok Sabha) | 1 LS |
| Jammu & Kashmir National Panthers Party | JKNPP | **Lok Sabha** | **Not Available on ECI website** | - | - | - | - | **288 Days** (Lok Sabha) | 1 LS |
| Shiv Sena | SHS | **Lok Sabha** | **Not Available on ECI website** | - | - | - | - | **288 Days** (Lok Sabha) | 1 LS |
| Shiv Sena (Uddhav Balasaheb Thackrey) | SHS(UBT) | **Lok Sabha** | **Not Available on ECI website** | - | - | - | - | **288 Days** (Lok Sabha) | 1 LS |
| Voice of the People Party | VPP | **Lok Sabha** | **Not Available on ECI website** | - | - | - | - | **288 Days** (Lok Sabha) | 1 LS |
| United Democratic Party | UDP | **Lok Sabha** | **Not Available on ECI website** | - | - | - | - | **288 Days** (Lok Sabha) | 1 LS |
| Nationalist Democratic Progressive Party | NDPP | **Lok Sabha** | **Not Available on ECI website** | - | - | - | - | **288 Days** (Lok Sabha) | 1 LS |
| Desiya Murpokku Dravida Kazhagam | DMDK | **Lok Sabha** | **Not Available on ECI website** | - | - | - | - | **288 Days** (Lok Sabha) | 1 LS |

<table>
<tr><th colspan="11">Election Expenditure Statement - Lok Sabha 2024 and State Legislative Assemblies of Arunachal Pradesh, Andhra Pradesh, Odisha and Sikkim<br>Last date of submission (Lok Sabha elections): 4th September 2024; Last date of submission (Assembly elections): 20 August 2024</th></tr>
<tr><th rowspan="2">Political Party</th><th rowspan="2">Party Code</th><th rowspan="2">Date of submission For Lok Sabha (90 days) and State Assemblies (75 days)</th><th rowspan="2">Lok Sabha</th><th colspan="4">State Legislative Assemblies 2024</th><th rowspan="2">No. of days by which submission delayed</th><th rowspan="2">No of elections contested</th></tr>
<tr><th>Arunachal Pradesh</th><th>Andhra Pradesh</th><th>Odisha</th><th>Sikkim</th></tr>
<tr><td>Apna Dal (Soneylal)</td><td>AD(Soneylal)</td><td>Lok Sabha</td><td>Not Available on ECI website</td><td>-</td><td>-</td><td>-</td><td>-</td><td>288 Days (Lok Sabha)</td><td>1 LS</td></tr>
<tr><td>Nationalist Congress Party - Sharadchandra Pawar</td><td>NCP(Sharadchandra Pawar)</td><td>Lok Sabha</td><td>Not Available on ECI website</td><td>-</td><td>-</td><td>-</td><td>-</td><td>288 Days (Lok Sabha)</td><td>1 LS</td></tr>
<tr><td>Zoram People's Movement</td><td>ZPM</td><td>Lok Sabha</td><td>Not Available on ECI website</td><td>-</td><td>-</td><td>-</td><td>-</td><td>288 Days (Lok Sabha)</td><td>1 LS</td></tr>
<tr><td>Lok Jan Shakti Party</td><td>LJSP</td><td rowspan="13" colspan="8">Did not contest</td></tr>
<tr><td>Rashtriya Lok Samta Party</td><td>RLSP</td></tr>
<tr><td>Janta Congress Chhattisgarh (J)</td><td>JCC(J)</td></tr>
<tr><td>Goa Forward Party</td><td>GFP</td></tr>
<tr><td>Maharashtrawadi Gomantak Party</td><td>MGP</td></tr>
<tr><td>Maharashtra Navnirman Sena</td><td>MNS</td></tr>
<tr><td>Hill State People's Democratic Party</td><td>HSPDP</td></tr>
<tr><td>People's Democratic Front</td><td>PDF</td></tr>
<tr><td>Zoram Nationalist Party</td><td>ZNP</td></tr>
<tr><td>All India N.R. Congress</td><td>AINRC</td></tr>
<tr><td>Indigenous People's Front of Tripura</td><td>IPFT</td></tr>
<tr><td>Tipra Motha Party</td><td>TMP</td></tr>
</table>

myneta.info National Election Watch

ADR Association for Democratic Reforms

# संलग्नक– 2

| Party wise expenditure under various heads (Rs in crores): Lok Sabha and State Legislative Assemblies of Arunachal Pradesh, Andhra Pradesh, Odisha and Sikkim 2024 | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **Political Party** | **Publicity** | **Travel Expenses** | **Others/Misc. expenses** | **Lumpsum amounts paid to candidates** | **Expenditure incurred on publishing criminal antecedents of the candidate (s)** | **Expenses on virtual campaign through social media platforms/Apps/Other means by Party Central & state unit** | **Total** |
| BJP | 983.926 | 456.160 | 98.479 | 228.933 | 10.135 | 1.067 | **Rs 1778.70 cr** |
| INC | 502.9744 | 115.1867 | 2.3053 | 14.73 | 3.3038 | 47.6928 | **Rs 686.193 cr** |
| BSP | 7.573 | 58.614 | 0.002 | 0 | 6.261 | 0 | **Rs 72.45 cr** |
| CPI(M) | 14.141 | 1.158 | 2.0846 | 8.2699 | 0.674 | 0.0045 | **Rs 26.332 cr** |
| AAP | 2.686 | 2.7916 | 2.1501 | 0.6025 | 0.1368 | 0 | **Rs 8.367 cr** |
| **Total** | **Rs 1511.3004 cr** | **Rs 633.91 cr** | **Rs 105.021 cr** | **Rs 252.5354 cr** | **Rs 20.5106 cr** | **Rs 48.7643 cr** | **Rs 2572.042 cr** |
| YSR-Congress | 143.896 | 21.42 | 160.3575 | 0 | 2.6916 | 0 | **Rs 328.365 cr** |
| BJD | 90.8395 | 26.1737 | 21.8889 | 54.8511 | 1.2559 | 83.0304 | **Rs 278.039 cr** |
| AITC | 18.634 | 46.251 | 46.4954 | 36 | 0.3046 | 0 | **Rs 147.685 cr** |
| DMK | 124.0506 | 5.5707 | 0.6576 | 15.40 | 0 | 0 | **Rs 145.679 cr** |
| BRS | 65.564 | 3.306 | 34.393 | 16.15 | 0.7317 | 0 | **Rs 120.145 cr** |
| SP | 1.827 | 23.91 | 16.3248 | 5.9215 | 0.41418 | 0 | **Rs 48.3975 cr** |
| TDP | 8.3753 | 13.879 | 12.0042 | 0 | 1.4075 | 0 | **Rs 35.666 cr** |
| JD(U) | 10.3303 | 11.291 | 1.217 | 8.50 | 0.0375 | 0 | **Rs 31.376 cr** |
| AIADMK | 23.0303 | 0.302 | 0.0077 | 0 | 0.201 | 0 | **Rs 23.541 cr** |
| RJD | 0.8408 | 7.5718 | 0 | **0** | 0.3024 | 0 | **Rs 8.715 cr** |
| SKM | 1.566 | 0 | 0.0948 | 6.6 | 0.0454 | 0 | **Rs 8.306 cr** |
| SAD | 2.592 | 0 | 0.6423 | 1.15 | 0.0432 | 0.2336 | **Rs 4.661 cr** |
| SDF | 3.048 | 0.105 | 0.3 | 0.10 | 0 | 0 | **Rs 3.553 cr** |
| JD(S) | 0.7374 | 0.299 | 0.0378 | 1.20 | 0 | 0 | **Rs 2.274 cr** |
| AIUDF | 0.28 | 1.0785 | 0.0295 | 0.10 | 0.074 | 0 | **Rs 1.562 cr** |

| Party wise expenditure under various heads (Rs in crores): Lok Sabha and State Legislative Assemblies of Arunachal Pradesh, Andhra Pradesh, Odisha and Sikkim 2024 | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **Political Party** | **Publicity** | **Travel Expenses** | **Others/Misc. expenses** | **Lumpsum amounts paid to candidates** | **Expenditure incurred on publishing criminal antecedents of the candidate (s)** | **Expenses on virtual campaign through social media platforms/Apps/Other means by Party Central & state unit** | **Total** |
| CPI(ML)(L) | 0.6258 | 0.0484 | 0.437 | 0.1068 | 0.0202 | 0.0571 | **Rs 1.295 cr** |
| AGP | 0.2645 | 0 | 0 | 1.00 | 0 | 0 | **Rs 1.2645 cr** |
| LJP (Ram Vilas) | 0.0234 | 0 | 0.0089 | 1.08 | 0 | 0 | **Rs 1.1123 cr** |
| KC(M) | 0 | 0 | 0 | 0.70 | 0.0678 | 0 | **Rs 0.7678 cr** |
| AIMIM | 0 | 0.0118 | 0.0257 | 0.52 | 0.0775 | 0 | **Rs 0.635 cr** |
| MNF | 0.1525 | 0.20 | 0 | 0 | 0 | 0 | **Rs 0.3525 cr** |
| AIFB | 0.038 | 0.0504 | 0 | 0.11 | 0 | 0 | **Rs 0.1984 cr** |
| NPF | 0.09256 | 0.03254 | 0.0635 | 0 | 0 | 0 | **Rs 0.1886 cr** |
| Revolutionary Goans Party | 0.0277 | 0 | 0.03135 | 0.052 | 0.06013 | 0 | **Rs 0.1712 cr** |
| Rashtriya Loktantrik Party | 0.05 | 0.0032 | 0.0076 | 0.10 | 0.00799 | 0 | **Rs 0.1688 cr** |
| JKPDP | 0.0667 | 0 | 0 | **0** | 0 | 0 | **Rs 0.0667 cr** |
| AJSU Party | 0.042 | 0 | 0.0058 | 0 | 0 | 0 | **Rs 0.0478 cr** |
| **Total** | **Rs 496.9946 cr** | **Rs 161.504 cr** | **Rs 295.0305 cr** | **Rs 149.6416 cr** | **Rs 7.7426 cr** | **Rs 83.321 cr** | **Rs 1194.234 cr** |
| **Grand Total** | **Rs 2008.295 cr** | **Rs 795.414 cr** | **Rs 400.0515 cr** | **Rs 402.177 cr** | **Rs 28.253 cr** | **Rs 132.0853 cr** | **Rs 3766.276 cr** |